पाठ 3. संयुक्ताक्षर वाले शब्द

पाठ की भूमिका

लिखने-पढ़ने की मौलिक आवश्यकता होती है—वर्णों का ज्ञान व मात्राओं का ज्ञान। इसके बाद संयुक्ताक्षरों की बारी आती है। संयुक्ताक्षर समान वर्णों के मेल से या असमान वर्णों के मेल से बनते हैं। कुछ संयुक्ताक्षर **र** के साथ अन्य वर्णों के मेल से या अन्य वर्णों के साथ **र** के मेल से बनते हैं। इस पाठ में इन सबके बारे में सिखलाया गया है। इस पाठ का व इससे संबंधित अभ्यास प्रश्नों का निर्माण करते समय यह ध्यान रखा गया है कि बच्चों में स्व-जागरूकता का कौशल विकसित हो।

पाठ का सार

संयुक्ताक्षरों वाले कुछ शब्दों के उदाहरण चित्र में दिए गए हैं। इसके साथ ही कुछ अन्य शब्द भी दिए गए हैं जिन्हें बोल-बोलकर याद करना है।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  इस पाठ के माध्यम से बच्चों को संयुक्ताक्षर बनाने के तरीकों के बारे में बतलाएँ। संयुक्ताक्षर वाले शब्दों के उच्चारण पर विशेष बल दें। दिए गए शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करवाएँ और चित्र में उन्हें ढूँढ़ने में बच्चों की सहायता करें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**

  - **मौखिक प्रश्नों** के अंतर्गत छोटे-छोटे वाक्य दिए गए हैं। उनको पढ़ते-पढ़ाते समय रंगीन छपे संयुक्ताक्षरों की ओर बच्चों का ध्यान आकृष्ट करें।
  - **बूझो पहेली** के अंतर्गत छूटे शब्दों के बारे में बताने का अवसर अधिक से अधिक बच्चों को मिले, यह अवश्य सुनिश्चित करें। अशुद्ध उत्तरों की दशा में अन्य बच्चों से शुद्ध उत्तर देने की अपेक्षा करें। यहाँ भरे जाने वाले शब्दों के बारे में बच्चों को यह बताना ज़रूरी होगा कि वे केवल संयुक्ताक्षरों वाले ही शब्द हैं, जैसे—कच्चा, सर्फ, बर्फ, मच्छर।
    ध्यान दें—यहाँ 'फ' में 'नुक्ता' लगाने से बचना ज़रूरी है क्योंकि इस स्तर पर बच्चों को केवल आधारभूत ज्ञान देना है।
  - **पाठ आधारित प्रश्नों** के उत्तर बनवाने से पहले बच्चों को बताएँ कि संयुक्ताक्षर तीन प्रकार से बनाए जाते हैं—
    समान अक्षरों से (जैसे— च् + च = च्च)
    असमान अक्षरों से (जैसे— स् + त = स्त)
    र् वाले संयुक्ताक्षर (जैसे— र् + क = र्क, क् + र = क्र, ट् + र = ट्र)
    टवर्ग वाले संयुक्ताक्षरों में हल चिह्न का प्रयोग किस प्रकार होता है, यह विशेष रूप से बताएँ।
  - संयुक्त व्यंजन (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) और संयुक्ताक्षर में अंतर अवश्य बतलाएँ।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**

  - रंग भरने के क्रम में गुब्बारा शब्द के उच्चारण पर बल दें जैसे – लाल गुब्बारा, नीला गुब्बारा, हरा गुब्बारा। इसी प्रकार चित्र में दिए गए बच्चों के नामों की ओर ध्यान देते हुए पूछें – किसका गुब्बारा लाल रंग का है, किसका गुब्बारा नीले रंग का है तथा किसका गुब्बारा हरे रंग का है?